हिन्दी सांध्य दैनिक

# प्रखर पूर्वांचल

अखबार नहीं आन्दोलन

RNI:UPHIN/2016/68754 www.prakharpurvanchal.com Email Id: prakharpurvanchal@gmail.com

वाराणसी, चन्दौली, सोनभद्र, मऊ, बलिया, आजमगढ़, भदोही, मिर्जापुर, जौनपुर, लखनऊ, इलाहाबाद तथा गोरखपुर से प्रसारित

वर्ष ८ अंक १६२ पृष्ठ ४, मूल्य ३.००, आमंत्रण मूल्य २.०० १२ दिसम्बर २०२३ दिन मंगलवार गाजीपुर/वाराणसी

## देश पर बड़े खतरे की आशंका, गाजियाबाद में हिंडन एयर बेस के नीचे 4 फिट गहरी सुरंग मिली

### भारत के लिए काफी अहम है यह एयरपोर्ट




प्रखर डेस्क। गाजियाबाद में वायुसेना के हिंडन एयर बेस के नीचे एक 4 फीट गहरी 'सुरंग' ने सुरक्षा चिंता को बढ़ा दिया है। बता दें कि हिंडन एयरबेस पूर्वी दिल्ली से लगभग 10 किलोमीटर दूर है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, हिंडन एयर बेस की चारदीवारी के नीचे चार फीट लंबी सुरंग मिली है, जिसके बाद पुलिस को सूचित किया गया, बहरहाल गड्ढे पर मिट्टी डाल दी गई है। सुरंग की तस्वीरों से पता चलता है कि इसे हिंडन एयर बेस की चहारदीवारी की नींव को तोड़ने के बाद खोदा जा रहा था। हिंडन वेस्ट वायु कमान का कीस्टोन है। यह एशिया का सबसे बड़ा एयरपोर्ट भी है। 26ध्11 के दौरान दिल्ली की सुरक्षा के लिए एमआईजी–29 को स्टैंडबाय पर रखा गया था। इसका उपयोग 'ऑपरेशन दोस्त' जैसे मानवीय उद्देश्यों के लिए भी किया गया है, जिसने भूकंप प्रभावित सीरिया और तुर्की के लिए राहत सामग्री भेजी थी। 1965 के युद्ध के बाद, नंबर 7 स्क्वाड्रन आईएएफ हॉकर हंटर्स के साथ हिंडन में स्थानांतरित हो गया और 1969 तक यहीं रहा। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सितंबर में हिंडन एयर बेस पर एक मेगा ड्रोन शो का उद्घाटन करते हुए पहले ब–295 विमान को भारतीय वायुसेना में शामिल किया था। एयरपोर्ट को मुख्य रूप से सरकार की क्षेत्रीय कनेक्टिविटी योजना के तहत संचालित होने वाली फ्लाइट को संभालने के लिए बनाया गया था और इसलिए दिल्ली के एयरपोर्ट से क्षेत्रीय फ्लाइट का बोझ कम किया गया था। ऐसे में यह भारतीय सुरक्षाओं के लिए चिंताओं को दिखाता है।

## धर्मधानी का लाल अब संभालेगा मध्य प्रदेश की कमान



प्रखर एजेंसी। उज्जैन मध्य प्रदेश की धर्मधानी उज्जैन का राजधानी भोपाल में प्रतिनिधित्व करने वाले डा. मोहन यादव के नाम की मुख्यमंत्री के रूप में घोषणा होते ही कई राजनीतिक पंडित चौंके। मगर डा. यादव को जानने वालों के लिए यह कोई आश्चर्य का विषय नहीं था। दरअसल आत्मविश्वास से लबरेज डा. यादव को पहले से पता था कि उन्हें पार्टी की ओर से कोई बड़ी जिम्मेदारी मिलने वाली है। यह संकेत उन्होंने हाल में हुए चुनाव के दौरान श्नईदुनियाश से अनौपचारिक चर्चा में दे दिए थे। डा. यादव मुख्यमंत्री के अलावा प्रदेश भाजपा अध्यक्ष के दावेदारों में भी एक थे। हालांकि राजनीतिक पटल पर उनका नाम सीधे तौर पर सामने नहीं था। बस यही कारण रहा कि कई लोग उनके नाम पर चौंक गए। वर्ष 2013 में पहली बार विधानसभा चुनाव में जीत हासिल करने के बाद डा. यादव ने पीछे पलटकर नहीं देखा। 2018 में भी बड़े अंतर से जीत हासिल करने के बाद डा. यादव एक बार फिर पार्टी में चर्चित हुए। उनके राजनीतिक जीवन की नई शुरुआत इसी चुनाव के बाद हुई। दरअसल कमल नाथ सरकार गिरने के बाद पार्टी की रणनीति में डा. मोहन यादव की भूमिका बहुत अहम हो गई थी। स्वयं मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान उनसे सीधे संपर्क में रहने लगे। उनकी रणनीति और तेवर के कारण ही भाजपा सरकार बनने के बाद उन्हें सीधे कैबिनेट मंत्री बना दिया गया। इसके बाद लोकसभा हो या नगर निगम सहित कोई भी चुनाव डा. यादव जिले में पार्टी का नेतृत्व करते और जीत दिलाते। उज्जैन महापौर चुनाव में यादव ने ही पार्टी को हार से बचा लिया था। इस चुनाव में उज्जैन उत्तर से कांग्रेस प्रत्याशी को लीड मिली थी, मगर डा. यादव के क्षेत्र दक्षिण से भाजपा प्रत्याशी को बहुमत मिला और चुनाव में जीत। इस जीत ने भी एक बार फिर डा. यादव का कद बड़ा कर दिया। नड्डा, शाह, प्रधान सहित कई आला नेताओं के करीबी डा. यादव भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, धर्मेंद्र प्रधान सहित कई बड़े नेताओं के करीबी और विश्वास पात्र हैं। इसके अलावा मालवा के बड़े भाजपा नेताओं में भी डा. यादव लोकप्रिय हैं। उनकी काबिलियत पर किसी भी नेता को शक नहीं होता। इसका उदाहरण है कि चुनाव से पहले टिकट को लेकर कई कयास लगाए जा रहे थे। मंत्री बनने की चर्चा चल रही थी मगर स्क्रिप्ट कुछ और थी इस चुनाव में जीतने के बाद डा. मोहन यादव के एक बार फिर कैबिनेट मंत्री बनने की चर्चा चल रही थी। उनके समर्थकों ने इसकी तैयारी की थी, मगर डा. यादव को नई स्क्रिप्ट की जानकारी थी। मतगणना के दो दिन बाद वे भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष से दिल्ली जाकर मिले थे। उन्हें बुलाया गया था। ओबीसी चेहरा, उच्च शिक्षित होना, संगठन में पूरी तरह घुलना–मिलना और लोकप्रियता डा. यादव को मुख्यमंत्री पद के लिए फिट बनाती थी और आखिरकार यही हुआ।

## विद्यापीठ के दीक्षांत समारोह में राष्ट्रपति ने दो भारत रत्नों का भी किया जिक्र






प्रखर पूर्वान्चल वाराणसी। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु की वाराणसी में महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ के 45वें दीक्षांत समारोह में गरिमामयी उपस्थिति रही और उन्होंने उसे संबोधित किया इस अवसर पर राष्ट्रपति ने कहा कि दो–दो भारत रत्न का इस संस्थान से जुड़ना महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ की गौरवशाली विरासत का जीवंत प्रमाण है। भारत रत्न डॉ.भगवान दास इस विद्यापीठ के पहले कुलपति थे और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री इस संस्था के पहले बैच के छात्र रहे थे उन्होंने कहा कि इस संस्थान के छात्रों से यह अपेक्षा है कि वे अपने आचरण में शास्त्री के जीवन मूल्यों को अपनायें द्य राष्ट्रपति ने कहा कि इस विद्यापीठ की यात्रा जो हमारे देश की स्वतंत्रता से 26 साल पहले गांधी जी की परिकल्पना के अनुसार आत्मनिर्भरता और स्वराज के लक्ष्यों के साथ शुरू हुई थी यह विश्वविद्यालय जो असहयोग आंदोलन से जन्मी संस्था के रूप में स्थापित हुआ था हमारे महान स्वतंत्रता संग्राम का जीवंत प्रतीक भी है उन्होंने कहा कि महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ के सभी छात्र स्वतंत्रता संग्राम के हमारे राष्ट्रीय आदर्शों के ध्वजवाहक हैं। राष्ट्रपति ने कहा कि काशी विद्यापीठ का नाम महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ रखने के पीछे रखने का उद्देश्य हमारे स्वतंत्रता संग्राम के आदर्शों के प्रति सम्मान व्यक्त करना है उन आदर्शों का अनुसरण करके अमृत काल में देश की प्रगति में अपना प्रभावी योगदान देना ही विद्यापीठ के राष्ट्र–निर्माण संस्थापकों के प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी। राष्ट्रपति ने कहा कि वाराणसी प्राचीन काल से ही भारतीय ज्ञान परंपरा का केंद्र रही है आज भी इस शहर की संस्थाएँ आधुनिक ज्ञान–विज्ञान के प्रचार–प्रसार में अपना योगदान दे रही हैं उन्होंने महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ के छात्रों और शिक्षकों से ज्ञान के केंद्र की परंपरा को बनाए रखते हुए अपने संस्थान के गौरव को लगातार समृद्ध करते रहने का भी अनुरोध किया।

## दर्दनाक हादसे में दूल्हा–दुल्हन सहित 5 लोगों की मौत

### फरार ट्रक चालक की तलाश में जुटी पुलिस

प्रखर एजेंसी। छत्तीसगढ़ के जांजगीर चांपा जिले में दर्दनाक हादसे में दूल्हा–दुल्हन सहित 5 लोगों की मौत हो गई। बताया जा रहा है कि विदाई के बाद घर वापस लौटते वक्त रास्ते में इनकी कार की एक ट्रक के साथ टक्कर हो गई। घटना के बारे में सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने जब तक इन्हें कार से निकालकर अस्पताल पहुंचाया, ये घायल थे। साथ ही इस घटना के बाद ट्रक का चालक ट्रक को वहीं पर छोड़कर फरार हो गया। मृतकों की पहचान बलौदा निवासी भाजपा नेता ओमप्रकाश सोनी, बेटे ओम सोनी, नई–नवेली पुत्रवधु नेहा, बेटी और बहनोई के रूप में हुई ळै। यह हादसा मुलमुला थाना क्षेत्र में पड़ते पकरिया जंगल में हुआ है। मिली जानकारी के मुताबिक शनिवार रात बलौदा निवासी भाजपा नेता ओमप्रकाश सोनी के बेटे शुभम की शादी शिवरीनारायण निवासी नेहा से हुई। दूल्हा–दुल्हन के साथ घर लौट रहे ओमप्रकाश सोनी, फूफा सरजू सोनी, बुआ रेवती सोनी सुबह करीब 5 बजे पकरिया जंगल में चंडी मंदिर के पास हादसे का शिकार हो गए। बताया जा रहा है कि एक तेज रफ्तार ट्रक ने इनकी कार को चपेट में ले लिया। आसपास के लोगों ने दुर्घटना के बारे में पुलिस को सूचना दी तो मौके पर पहुंची पुलिस ने कार में फंसे लोगों को निकालकर अस्पताल पहुंचाया। वहां डॉक्टर ने दुल्हन सहित 4 लोगों को मृत घोषित कर दिया। बाद में दूल्हे ने दम तोड़ दिया। इस मामले में एसपी विजय अग्रवाल ने बताया कि मृतक शुभम सोनी की जांजगीर में ज्वेलरी शॉप है। हादसे के बाद ट्रक चालक ट्रक को मौके पर ही छोड़कर फरार हो गया, जिसकी तलाश की

## अनियंत्रित होकर पलटी ऑटो एक की मौत, तीन घायल



प्रखर अहरौरा मिर्जापुर। थाना क्षेत्रान्तर्गत अहरौरा–सरिया मार्ग पर ग्राम मझवां के पास एक ऑटो के अनियंत्रित होकर पलट जाने से उसे पर सवार एक 70 वर्षी वृद्ध की मौत हो गई वहीं तीन लोग महिला समेत घायल हो गए। प्राप्त जानकारी के अनुसार रविवार देर शाम थाना क्षेत्र के ग्राम मझवा में अनियंत्रित होकर ऑटो पलट गई जिस पर पुलिस उच्चाधिकारी व थाना अहरौरा पुलिस बल द्वारा तत्काल मौके पर पहुंचकर घायल ऑटो सवार कुल 04 लोगों 1.लल्लन सिंह पटेल पुत्र भुल्लन सिंह पटेल उम्र करीब–70 वर्ष, 2.रामकुमार बिन्द पुत्र चिथरू बिन्द उम्र करीब–28 वर्ष निवासीगण सरिया थाना अहरौरा , 3. विशाल चौहान पुत्र कुश उम्र करीब–12 वर्ष व 4.रजनी पत्नी कुश उम्र करीब–37 वर्ष निवासीगण फुलवरिया थाना अहरौरा को इलाज हेतु सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र अहरौरा भिजवाया गया । जहां पर चिकित्सकों द्वारा लल्लन सिंह पटेल उपरोक्त को मृत घोषित कर दिया गया तथा अन्य उपरोक्त तीनों घायलों का इलाज कर घर भेज दिया गया । पुलिस द्वारा नियमानुसार अग्रिम वैधानिक कार्यवाही करते हुवे शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया गया।

## 18 गोवंशीय, फर्जी नम्बर प्लेट लगी डीसीएम संग एक गो तस्कर भावारकोल पुलिस के फंदे में




प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। पुलिस अधीक्षक जनपद गाजीपुर द्वारा अपराध, अपराधियों व गो–तस्करों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण महोदय के कुशल मार्गदर्शन तथा क्षेत्राधिकारी मोहम्मदाबाद की निकट पर्यवेक्षण में रविवार को थाना भांवरकोल पुलिस द्वारा मुखबिर की सूचना पर चेकिंग के दौरान 18 राशि गोवंश, एक फर्जी नंबर प्लेट लगाएं टाटा डीसीएम के साथ एक नफर गो–तस्कर को सलारपुर चट्टी से गिरफ्तार किया गया, गिरफ्तार अभियुक्त–गुफरान अली पुत्र सहबान अली ग्राम बडी अढ़ौली थाना महेवाघाट जनपद कौशाम्बी के विरुद्ध थाना स्थानीय पर गोवंश निवारण अधिनियम व 419/420/429 भादवि पंजीकृत कर अग्रिम विधिक कार्यवाही की गई। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में उप निरीक्षक मनोज कुमार मिश्र, कांस्टेबल सूर्यप्रकाश गुप्ता, कांस्टेबल युवराज मेहता, कांस्टेबल विपेन्द्र प्रताप सिंह, कांस्टेबल नितेश यादव, कांस्टेबल जितेश कुमार शामिल रहे।

## मामूली बात पर पत्नी व दो बच्चों को धारदार हथियार से काटकर युवक ने लगाई फांसी, चारों की मौत

### आपसी सुलहनामा से रहते थे साथ



प्रखर बलिया। जिले की बांसडीह कोतवाली के देवड़ीह गांव में रविवार की देर रात सनकी व्यक्ति ने पत्नी व दो बच्चे की धारेधार हथियार से हत्या कर खुद फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। उसका शव बगीचे में फंदे पर लटका मिला। इसकी खबर लगते ही क्षेत्र में खलबली मच गई। मौके पर एसपी एस आनन्द, एएसपी डीपी तिवारी व क्षेत्राधिकारी एसएन वैश्य व फोरेंसिक टीम मौके पर पहुंच घटना की जानकारी कर शव को पोस्मार्टम को भेजवाया। बतादे कि देवडीह निवासी श्रवण राम (35) का पत्नी शशिकला देवी (35) के बीच किसी बात को लेकर विवाद हो गया। उसी दौरान श्रवण राम धारेधार हथियार से पत्नी व दो पुत्र सूर्या राव सात वर्ष व दूसरा मिठू चार माह की निर्मम तरीके से हत्या कर शव को बगीचे में फेंक वहीं पास के पेड़ पर फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। सूचना पर पहुंची पुलिस को घटनास्थल पर मृतक श्रवण की जेब से पुलिस को सुसाइड नोट मिला जिसमें उसके द्वारा इस पूरी घटना की जिम्मेदारी ली है। एसपी एस आनंद ने बताया कि शशिकला के भाई की सूचना पर मौके पर पहुंची पीआरबी के काफी खोजबीन के बाद पत्नी व दो बच्चे का शव बगीचे में मिला, किसी धारेधार हथियार से हत्या की गई है, बगल के पेड़ पर फंदे पर मृतक श्रवण राम का शव मिला। उसके पॉकेट से मिले सुसाइट नोट में खुद हत्या की बात स्वीकारी है। पोस्मार्टम के लिए शव को भेजा गया है। श्रवण राम व शशिकला के बीच आपसी विवाद न्यायालय में मुकदमा चला था। डेढ़ वर्ष पूर्व आपसी सुलहनामा से शशिकला पुनः ससुराल आकर परिवार जनों से अलग पति व बेटो के साथ रह रही थी। उसके बाद भी इन दोनों में विवाद होता रहता था।

# राष्ट्र की प्रगति का आधार बनती भारतीय भाषाएं – डॉ. आरसी पांडेय

भारतीय भाषाओं के महत्व को उजागर करने के लिए केंद्र सरकार द्वारा सुप्रसिद्ध तमिल महाकवि सुब्रमण्यम स्वामी के जन्म जयंती के अवसर पर 11 दिसंबर को भारतीय भाषा दिवस मनाए जाने का निर्णय लिया है। उत्तर–दक्षिण के पुल नाम से विख्यात सुब्रमण्यम स्वामी ने राष्ट्रवाद की भावना से ओतप्रोत करने वाले गीत लिखें हैं। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 में भारतीय भाषाओं के संवर्धन की बात कही गई है। इसी परिप्रेक्ष्य में संविधान के 8वीं अनुसूची में शामिल 22 भारतीय भाषाओं के विषय में जानकारी प्राप्त करने के लिए छात्र–छात्राओं को प्रेरित किया जा रहा है। केंद्र सरकार के श्एक भारत,श्रेष्ठ भारतश तथा श्भाषा संगमश जैसी सार्थक पहल की शुरुआत पहले ही की जा चुकी है। अब भारतीय भाषाओं के प्रति रुचि विकसित करने के लिए भारतीय भाषा उत्सव 23 अक्तूबर से मनाया जा रहा है। जिसके तहत विविध रोचक गतिविधियों के माध्यम से विद्यार्थियों को अपनी मातृभाषा के अलावा अन्य भारतीय भाषाओं के सीखने पर बाल दिया गया है। भारत तमाम विविधताओं के बावजूद एक है इसलिए श्रेष्ठ है। भारत की श्रेष्ठता उसकी एकता में ही निहित है। विविधता ही भारत की खूबसूरती है। विविधता तथा बहुलता भारत को श्रेष्ठ ही नहीं बल्कि सर्वश्रेष्ठ बनाती है। क्योंकि भारत जैसी बहुलता व विविधता दुनिया के किसी अन्य देशों में नहीं है। लेकिन हमारी विविधता को जब तब चोट पहुंचाई जाती है।गाहे–बगाहे उसे लहूलुहान किया जाता है। आज के समय में हमारी भाषाई विविधता पर दोतरफा खतरा मंडरा रहा है। पहला खतरा तो अपने ही देश के प्रतिक्रियावादियों से हैं जो क्षेत्रवाद के नाम पर अपनी भाषा के अलावा अन्य भारतीय भाषाओं के महत्व को स्वीकार करने में अपनी हेठी समझते हैं। दूसरा खतरा भूमण्डलीकरण के नाम पर एकरूपता पैदा करने वाली प्रवृत्तियों से हैं। इधर के दिनों में देखा जा रहा है कि समाज में भाषा, धर्म, जाति तथा क्षेत्रीयता के नाम पर समाज को विघटित करने की लगातार कोशिश की जा रही है। सत्ता प्राप्त करने अथवा सत्ता में बने रहने के लिए सस्ती राजनीति की जा रही है। सस्ती राजनीति से थोड़ी– सी लोकप्रियता भले मिल जाती होगी लेकिन वह टिकाऊ तो बिल्कुल भी नहीं होती हैं। विविधता को स्वीकार करने के लिए सहिष्णुता और सहनशीलता की भावना का होना बेहद जरूरी है।दुर्भाग्य से समाज में सहनशीलता क्षीण होती जा रही है। लोग अपनी भाषा, धर्म तथा अपने ही विचार को सर्वश्रेष्ठ समझते हुए दूसरे की भाषा, धर्म तथा विचार को घटिया साबित करने का अनर्गल प्रयास कर रहे हैं। भारत में भाषा,धर्म, संस्कृत,रहन–सहन तथा खान–पान को लेकर तमाम विविधताएं हैं। जब लोग अपनी मातृभाषा पर गर्व करते हुए दूसरों की मातृभाषा का सम्मान करते हैं तब वे भाषाई विविधता को बढ़ावा देते हैं। सिर्फ मेरी ही भाषा श्रेष्ठ है, मेरा ही विचार श्रेष्ठ है। यह प्रवृत्ति बहुत ही खतरनाक है। ये प्रवृत्तियां भारत को किसी भी मायने में श्रेष्ठ नहीं बनाती है। चूंकि बच्चे ही देश के भविष्य हैं। इसलिए उन्हें भारत की विविधता से रूबरू कराना बेहद जरूरी है ताकि वे आगे चलकर अपनी इस विरासत को संभाल सके। इस लिहाज से भारतीय भाषा दिवस मनाए जाने की पहल बच्चों को भाषाई विविधता को आत्मसात करने में मदद मिलेगी। बच्चों को विविध भाषाओं का ज्ञान उनके व्यक्तित्व में निखार पैदा करेगा। भाषा देश की विरासत है। भाषा को बचाने व समझने का मतलब है अपनी परंपरा व संस्कृति को बचाना है। हमें अपनी भाषा पर गर्व करते हुए अन्य भारतीय भाषाओं को सीखने की पुरजोर कोशिश करनी चाहिए। भाषाई विविधता की उपयोगिता भूमंडलीकरण के सन्दर्भ में भी है।भूमंडलीकरण का तात्पर्य है कि पूरा भूमंडल एक गांव में बदल गया है। तो जब पूरी दुनिया ही एक गांव में बदल गई है तो इस तथाकथित इस विश्व ग्राम की भी एक भाषा, एक संस्कृति, एक जैसा खान–पान तथा एक जैसी रहन–सहन भी होना चाहिए। कहना न होगा कि वह भाषा अंग्रेजी है। फास्ट फूड सबका खानपान बनता जा रहा है। यानी कि भूमण्डलीकरण के नाम पर पूरी दुनिया में एकरूपता कायम करने की रणनीति विविधता के लिए खतरा बन सकता है। ऐसे में भारत की भाषाई विविधता पर खतरा भी स्वाभाविक हैं। ऐसे में भारतीय भाषा दिवस की उपयोगिता इस बात में भी है कि बच्चों को विद्यालयी जीवन से ही भाषा की बहुलता से परिचय कराकर भारतीय संस्कृति को समझने का आधार तैयार करने से है। युवाओं में भारतीय भाषाएं जानने के प्रति ललक पैदा करने का वातावरण बनाने में शिक्षण संस्थानों की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। सभी नागरिकों को अपनी मातृभाषा के अलावा अन्य भारतीय भाषाओं का सीखना चाहिए। विद्यालयी जीवन से ही बच्चों में भाषायी विविधता का ज्ञान प्रदान करना नितांत आवश्यक भी है। क्योंकि देश का भविष्य कारखानों व बाजारों में तैयार नहीं किए जाते हैं बल्कि भविष्य तो देश के शिक्षण संस्थानों में तैयार हो रहे हैं। इसलिए बच्चों को भारतीय भाषाओं की बहुलता से अवगत कराकर भारतीय संस्कृति की अनेकता में एकता की भावना को दृढ़ करने में भारतीय भाषा दिवस मनाए जाने की पहल राष्ट्रीय एकता की भावना को मजबूती प्रदान करेगी। कहना न होगा कि राष्ट्रीय एकता राष्ट्र की प्रगति की आधारशिला है जिसका माध्यम भारतीय भाषाएं बन रही हैं।

( लेखक स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं )



# राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम के तहत एनसीसी अधिकारियो को टीवी मुक्त भारत के लिए किया जागरूक

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। टीबी के उन्मूलन के लिए समुदाय को लगातार जागरूक किया जा रहा है। इसी क्रम में सोमवार को मियांपुर स्थित नेशनल कैडेट कोर कार्यालय पर स्वास्थ्य विभाग ने टीबी पर एक संवेदीकरण कार्यशाला का आयोजन किया। इसका आयोजन जिलाधिकारी आर्यका अखौरी के निर्देशन व मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ देश दीपक पाल के नेतृत्व में किया गया। इस दौरान जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ मनोज कुमार, जिला कार्यक्रम समन्वयक डॉ मिथलेश कुमार सिंह, जिला पब्लिक प्राइवेट मिक्स समन्वयक अनुराग कुमार पाण्डेय और एसटीएस सुनील कुमार यादव ने एनसीसी के अधिकारियों और छात्रों को टीबी मुक्त भारत अभियान में सहयोग करने का आग्रह किया। एनसीसी के कर्नल सीओ अजय उनियाल ने आश्वस्त किया कि वह टीबी के खिलाफ जंग में जनपद प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग के साथ हैं। एनसीसी के समस्त कैडेट समुदाय में लोगों को टीबी रोग के प्रति जागरूक करेंगे। प्रिंट व इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के जरिये हमने टीबी मुक्त भारत अभियान के बारे में बहुत कुछ सुना है। देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का भी विजन है कि वर्ष 2025 तक देश टीबी मुक्त हो जाए। इसके लिए हम सबको एक साथ टीबी के खिलाफ आवाज उठानी होगी। स्वास्थ्य अधिकारियों के द्वारा बताया गया कि लगातार दो हफ्ते या उससे अधिक खांसी आना, खांसी के साथ बलगम व कभी कभी खून आना, रात में पसीना आना, भूख न लगना और वजन में लगातार गिरावट टीबी हो सकती है। ऐसे लक्षण दिखाई देने पर तुरन्त नजदीकी स्वास्थ्य केन्द्र पर सम्पर्क करें। डीपीसी डॉ मिथलेश कुमार सिंह ने बताया कि वर्ष 2025 तक टीबी मुक्त भारत बनाने के लिए सरकार की ओर से हर संभव प्रयास किए जा रहे हैं। इसके लिए विशेष अभियान चलाये जा रहे हैं। विभागीय अधिकारी व कर्मचारी के साथ ही अन्य स्टेकहोल्डर्स, निजी चिकित्सक, मेडिकल स्टोर आदि इसकी रोकथाम के लिए जुटे हुये हैं। ऐसे में आम जनमानस की भी जिम्मेदारी बनती है कि वह इन बीमारियों से बचाव के लिए सतर्क व जागरूक रहें। इस दौरान एनसीसी के अधिकारियों को 'टीबी हारेगा देश जीतेगा', 'जन जन को जगाना है टीबी को भागना है', 'टीबी से बचाव करें और अपनों का ख्याल करें' एवं 'अपने बच्चों को बीमारियों से बचाएंगे, सब काम छोड़ पहले टीकाकरण कराएंगे' आदि जन जागरूकता के संदेश दिये गए।

# मनोवैज्ञानिकों ने वैदिक पद्धति को वर्तमान शिक्षा पद्धति के अनुसार बच्चों की शिक्षा को लेकर की बडी रिसर्च – बच्चों का जीवन होगा खुशहाल

प्रखर नई दिल्ली। भारत में करोड़ों बच्चे एजुकेशन करने के बाद भी जॉब के लिए परेशान रहते हैं, स्ट्रेस और डिप्रेशन के शिकार हो जाते हैं ।नेशनल क्राइम रिकॉर्ड ब्यूरो के डाटा के हिसाब से हर 3 मिनट 44 सेकंड में एक आत्महत्या होती है और 29 मिनट में एक विद्यार्थी आत्महत्या करता है । साथ ही सोशल मीडिया और मोबाइल का अत्यधिक उपयोग बच्चों के स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है । इस तरह की सैकड़ों समस्याओं के समाधान के लिए आई आई टी रुड़की एलुमनाई द्वारा संचालित कंपनी ब्रेन रीकोडिंग द्वारा ऐसे कोर्सेज बना लिए गए हैं जिससे बच्चों के व्यवहार को बदलकर, उनमें सकारात्मक आदत उत्पन्न की जा सके, उनके मानसिक और कौशल पर विद्यालय में रहते–रहते ही काम किया जा सके और जीवन के लिए सकारात्मक आदते विकसित की जा सकें, जिससे बच्चे अपनी पूरी जिंदगी अच्छे से जी सकें । इस प्रोजेक्ट को मात्र 6 महीने में देश के करीब 200 से ज्यादा विद्यालयों पर परीक्षण किया गया और विगत कई वर्ष के शोध और जाँच के बाद अब न केवल भारत अपितु दूसरे देशों में लॉन्च करने के लिए कांस्टीट्यूशन क्लब ऑफ इंडिया, दिल्ली में एक इवेंट आयोजित किया गया। जिसमें इस पूरे साइंटिफिक प्रोजेक्ट के बारे में बताया गया ताकि भारत की शिक्षा व्यवस्था को मजबूत बनाया जा सके । इस भव्य कार्यक्रम में प्रेस कॉन्फ्रेंस भी आयोजित हुई जिसमें 25 से ज्यादा न्यूज पेपर एवम न्यूज चौनल्स शामिल हुए।
अध्यात्मिक प्रेरक रवि चौधरी ने बताया कि जैसे महाभारत में संजय ने महाराज ध्रतराष्ट को युद्ध का सीधा प्रसारण दिया था वह यही शिक्षा थी । इस मौके गजेन्द्र सिंह आईआईटी रुडकी ने कहा कि इस शिक्षा से बच्चों का आईक्यू स्तर बढेगा , प्रसिद्ध वैदिक गणितज्ञ मनु त्रिपाठी ने बच्चों की स्मरण शक्ति बढाने की विधि बताई।

# पंचायत अधिकारी संघ के स्थापना दिवस पर बांटी मिठाई



प्रखर वाराणसी। उत्तर प्रदेश पंचायत अधिकारी संघ के स्थापना दिवस पर जिला शाखा वाराणसी द्वारा पंचायत विभाग के अधिकारियों व कर्मचारियों ने धूमधाम से मनाया और मिठाई बांटी। अर्दली बाजार स्थित महावीर मन्दिर परिसर में इस अवसर पर रामचरित मानस पाठ का आयोजन किया गया। इसी दौरान स्थापना दिवस पर संगठन के गौरवशाली इतिहास पर प्रकाश के और मिठाई बांट कर खुशी का इजहार किया। स्थापना दिवस पर प्रांतीय अध्यक्ष डॉ प्रदीप सिंह ने संगठन पर प्रकाश डाला। उनका जिले के पदाधिकारियों ने उनका स्वागत किया। इस दौरान संरक्षक मनबोध कुमार, जिला अध्यक्ष अशोक चौबे, जिलामंत्री अंकित चौबे पूर्व अध्यक्ष सीताराम, रहे।

# बरकी में पीएम की जनसभा में एक लाख लोगों के जुटान का भाजपा ने रखा लक्ष्य





**वाराणसी जिले की आठों विधानसभाओं से लोग पहुंचेंगे पीएम की जनसभा में**

प्रखर पूर्वान्चल वाराणसी। 17 दिसम्बर को पीएम मोदी के काशी आगमन पर भाजपा ने उनके जोरदार स्वागत एवं 18 दिसंबर को सेवापुरी के बरकी में होने वाली जनसभा को ऐतिहासिक स्वरुप प्रदान करने एवं जनसभा में वाराणसी जिले की आठों विधानसभाओं से एक लाख लोगों के जुटान का लक्ष्य रखकर अपनी तैयारियां प्रारंभ कर दी है। इस निमित्त आज गुलाब बाग स्थित पार्टी कार्यालय में प्रमुख पदाधिकारीयों की महानगर अध्यक्ष विद्यासागर राय की अध्यक्षता में एवं क्षेत्र अध्यक्ष दिलीप पटेल के मुख्य आतिथ्य में सम्पन्न हुई बैठक में इस सम्बन्ध में महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। बैठक को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि काशी क्षेत्र अध्यक्ष दिलीप पटेल ने कहा कि मध्यप्रदेश, राजस्थान एवं छत्तीसगढ़ में भारतीय जनता पार्टी की अभुतपूर्व विजय के पश्चात पीएम मोदी का प्रथम काशी आगमन हो रहा है हम सभी का दायित्व बनता है कि काशी की गरिमा के अनुरूप पीएम के आगमन, यात्रा मार्ग, जनसभा सहित सभी कार्यक्रमों में उनका जोरदार स्वागत हो और कार्यक्रमों की सफलता के पुरे प्रयास किए जाएं द्य बैठक में लिए गये निर्णय के अनुसार जिला एवं महानगर सहित पीएम के यात्रा मार्ग में उनके स्वागत व बधाई के लिए पांच हजार से अधिक होर्डिंग्स लगाने की तैयारी की जा रही है इतना ही नहीं प्रधानमंत्री के आगमन एवं यात्रा मार्ग में गुलाब की पंखुड़ियां बरसाकर काशीवासी एवं भाजपा कार्यकर्ता उनका भव्य स्वागत करेंगें। क्षेत्र अध्यक्ष दिलीप पटेल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी अपने दो दिवसीय प्रवास के दौरान 17 दिसम्बर को छोटा कटिंग मेमोरियल स्कूल में विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत लगाई जाने वाली प्रदर्शनी का अवलोकन करेंगे एवं सायंकाल नमो घाट पर होने वाले तमिल संगमम में भाग लेंगे वहीं पीएम 18 दिसंबर को पूर्वाह्न उमराहां स्थित स्वर्वेद मंदिर जाएंगे तत्पश्चात सेवापुरी विधान सभा क्षेत्र अंतर्गत बरकी में विशाल जनसभा को संबोधित करेंगे एवं हजारों करोड़ की विभिन्न परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास करेंगे। क्षेत्रीय मीडिया प्रभारी नवरतन राठी ने बताया व्यवस्था की दृष्टि से विभिन्न विभागों का गठन किया गया है और उनके प्रमुख बनाए गये है जिनकी बैठक 11 दिसंबर को 3 बजे गुलाब बाग स्थित भाजपा कार्यालय में आहुत की गयी है। बैठक में भाजपा महानगर अध्यक्ष विद्यासागर राय, क्षेत्रीय महामंत्री अशोक चौरसिया, क्षेत्रीय मीडिया प्रभारी नवरतन राठी, नवीन कपूर जगदीश त्रिपाठी, संजय सोनकर, संतोष सोलापुरकर, सुरेश सिंह, अशोक पटेल, जेपी दूबे, अरविंद पटेल, सुरेंद्र पटेल, राहुल सिंह, अनिल श्रीवास्तव आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

# मन एकाग्र कर बच्चों की बुद्धि–लब्धि बढ़ाने के प्रशिक्षण को लेकर हुई प्रेस वार्ता




प्रखर नई दिल्ली। देश की राजधानी दिल्ली में संसद भवन के पास कांस्टीट्यूशन क्लब में अति महत्वपूर्ण सम्मेलन हुआ जिसमें व्यक्ति के मन को एकाग्र कर उसकी बुद्धि–लब्धि को बढ़ाने की कला के विषय में जानकारी दी गई। आज के युग में भाग–दौड़ भरी जिंदगी में व्यक्ति बेहद तनाव में जी रहा है। जिस कारण उसके शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य पर बुरा प्रभाव पड़ रहा है। लोगों के अंदर मानसिक तनाव इस स्तर का पनप रहा है कि लोग आत्महत्या कर रहे हैं। एक आंकड़े के अनुसार इतने लोग किसी युद्ध अथवा महामारी से नहीं मारे जा रहे हैं जितने आत्महत्या के कारण मारे जा रहे हैं। इस वैश्विक गंभीर समस्या को लेकर कई विश्व स्तरीय मनोवैज्ञानिकों व आई आई टी एलुमनाई ने ब्रेन रिकोडिंग कंपनी बनाकर लोगों के मन को एकाग्र कर उनके मानसिक स्वास्थ्य में उन्नति कर उनके आईक्यू लेवल को बढ़ाकर उनके कार्य दक्षता एवं जीवन को कुशल बनाने का कार्य किया जा रहा है। इस सब प्राचीन भारतीय गुरुकुल पद्धति को नए वैज्ञानिक विधि द्वारा बच्चों व बड़ों को इसके ज्ञान से अवगत कराने हेतु इस सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस सम्मेलन में प्रेस कॉन्फ्रेंस भी आयोजित की गई जिसमें देश भर के सभी छोटे बडे न्यूज चौनल व प्रिंट मीडिया के पत्रकार बंधु उपस्थित रहे । इस मौके पर प्रसिद्ध वैदिक गणितज्ञ मनु त्रिपाठी ने स्मरण शक्ति के विकास की बात बताई, गजेंद्र सिंह आईआईटी एलुमनाई ने बच्चों को तेज गति से सीखने की कला के विषय में बताया, अध्यात्मिक प्रेरक रवि चौधरी ने बच्चों व बडों को अध्यात्मिक ध्यान द्वारा मानसिक सबल बनाने व मानव निर्माण के विषय में जानकारी दी ।

# अपना क्लब ने वाराणसी में किया बड़ा एम्बिशन महोत्सव का आयोजन







**अपना क्लब का लक्ष्य है दुकानदारों के साथ पार्टनरशीप और ग्रोथ को बढ़ावा देना – (सीओओ) मनीष कुमार**

प्रखर पूर्वान्चल वाराणसी। अपना क्लब, बी2बी एफएमसीजी डिस्ट्रीब्यूशन प्लेटफॉर्म है जो दुकानदारों और उनकी व्यावसायिक जरूरतों को पूरा करता है चाँदमारी स्थित ओम विलास बनारस होटल मे श्बड़ा एम्बिशन महोत्सवश के ग्रैंड फिनाले की मेजबानी की इस एनुअल इवेंट का उद्देश्य महत्वाकांक्षी दुकानदारों के साथ उनके ग्रोथ में उनके पार्टनरशीप को बढ़ावा देना है। यह एक ऐसा मंच है जो वाराणसी और आसपास के शहरों में अपना क्लब के एफएमसीजी रिटेलर पार्टनर्स को एक साथ लाता है जहां व्यावहारिक चर्चा, नेटवर्किंग और अमूल्य विचारो का आदान–प्रदान होता है। अपना क्लब के सह–संस्थापक और मुख्य परिचालन अधिकारी (सीओओ) मनीष कुमार ने सभा को संबोधित किया और अपना क्लब के पीछे के दृष्टिकोण के बारे में बात की द्य असल में अपना क्लब का लक्ष्य है महत्वाकांक्षी दुकानदारों को एक मंच पर लाना और उन्हें बेस्ट प्राइजेज और ग्रेट डिलीवरी फैसिलिटी प्रदान करना है जिससे उनके बिजनेस को एक नया वैल्यू मिले उनके व्यवसाय के लिए और उन्हें उनके व्यवसाय में बिना रोकटोक के विकास करने में मदद करता है। अपना क्लब के सह– संस्थापक मनीष कुमार ने कहा बड़ा एम्बिशन महोत्सवश हमारे सम्मानित खुदरा विक्रेताओं के साथ हमारे भरोसे वाले रिश्ते को विकसित करने की हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाता है यह एक ऐसे भविष्य की कल्पना करने के बारे में है जहां दोनों की बीच पार्टनरशीप बढ़े और एक– दूसरे का विकास हमारी सामूहिक महत्वाकांक्षा हो। कस्टनर रिलेशनशीप के महत्व पर प्रकाश डालते हुए बिजनेस हेड आशीष दुबे ने सफलता के लिए मजबूत रिटेलर–कस्टमर संबंधों के महत्व को रेखांकित किया उन्होंने पर्सनलाइज्ड और कस्टमर सेंट्रिक अप्रोच की आवश्यकता पर बल दिया जो आज के समझदार कंज्यूमर के अनुरूप हो द्य इस इवेंट में सम्मानित अतिथि शेफाली जरीवाला की गरिमामय उपस्थिति देखी गई जो बड़ा एम्बिशन महोत्सव का हिस्सा बनकर बहुत ही रोमांचित थीं और इवेंट की एनर्जी और उत्साह को महसूस करके इंप्रेस्ड हुई उन्होंने अपना क्लब की ब्रांड टीम का आभार जताते हुए और उनकी सफलता और विकास की कामना की। शेफाली जरीवाला ने कहा बड़ा एम्बिशन महोत्सव, बिजनेस में ह्यूमन टच का फेस्टिवल है दुकानदारों के समर्पण और जुनून को देखकर खुशी होती है जो लेनदेन से परे रिश्ते बनाते हैं। ज्ञान और रोचक दोनों संदर्भ में चर्चा, समृद्ध अनुभवों, मनोरंजक खेलों और विकास के लिए सामूहिक दृष्टिकोण की विशेषता वाला बड़ा एम्बिशन महोत्सव शानदार सफलता के साथ संपन्न हुआ । उपस्थित लोग प्रचुर अंतर्दृष्टि, मजबूत पार्टनरशीप और बिजनेस को आगे बढ़ाने के लिए नए जोश के साथ रवाना हुए द्य अपना क्लब कम्युनिटी ड्रिवेन अप्रोच को बढ़ावा देने की अपनी प्रतिबद्धता पर दृढ़ है जहां सहयोग, विश्वास और साझा सफलता एक संपन्न बिजनेस इकोसिस्टम की आधारशिला हैं।

# वेलफेयर क्लब ने किया सात केंद्रो पर बौद्धिक ज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन



प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। वेलफेयर क्लब गाजीपुर द्वारा छात्र छात्राओं के बहुमुखी विकास हेतु गत वर्षो की भाँति इस वर्ष भी बौद्धिक ज्ञान प्रतियोगिता अंतर्गत लिखित परीक्षाओं का आयोजन आज 10दिसम्बर 2023 दिन रविवार को किया गया। यह परीक्षा जनपद के 7 केन्द्रों पर आयोजित की गयी।

गाजीपुर सदर क्षेत्र में रामदूत इंटरनेशनल स्कूल को मुख्य परीक्षा केंद्र बनाया गया जहा रेवतीपुर, सुहवल,आदर्श गाँव, महाराजगंज क्षेत्र के प्रतियोगी शामिल हुये केंद्र व्यवस्थापक राहुल प्रताप मिश्रा के अनुसार 1276 प्रतियोगियों में से 1236 प्रतिभागी शामिल हुए तथा सत्यदेव इंटरनेशनल स्कूल केंद्र पर 130 प्रतियोगी शामिल हुए केंद्र व्यवस्थापक प्रमोद बिंद के अनुसार 124 प्रतियोगियों ने परीक्षा दी। जबकि करण्डा, मनिहारी, नंदगंज, शादियाबाद, सादात क्षेत्र के प्रतियोगियों के लिए रेनबो मार्डन स्कूल नंदगंज को केंद्र निर्धारित किया गया था जहाँ केंद्र व्यवस्थापक पवन पांडेय के अनुसार 462 में 452 प्रतियोगी शामिल हुए। इसी प्रकार महेशपुर, बहादुरगंज, नारायनपुर, गंगौली,अलावलपुर के छात्रों के लिए सूरज इंटरनेशनल स्कूल कासिमाबाद केंद्र रहा केंद्र व्यवस्थापक सत्यदेव दुबे के अनुसार 280 प्रतियोगी शामिल हुए। यहाँ प्रतियोगियों कि पूरी पूरी उपस्थिति रही। करीमुद्दीनपुर, मुहम्मदाबाद शेरपुर भावरकोल के प्रतियोगियों के लिए मार्टिंस चिल्ड्रेन एकेडमी भावरकोल रहा केंद्र व्यवस्थापिका शहाना जहां ने बताया 260 में से 241 प्रतियोगी शामिल रहे। गौसपुर ,फिरोजपुर, कठवामोड़ के प्रतियोगियों के लिए अवध इंटरनेशनल स्कूल फिरोजपुर को केंद्र बनाया गया जहाँ केंद्र व्यवस्थापक राम नाथ कुशवाहा ने बताया यहाँ 270 में 245 प्रतियोगी शामिल रहे। देवकली, देवचंदपुर,औड़िहार के प्रतियोगी आरजेपी सैदपुर केंद्र पर शामिल हुए केंद्र भूपेन्द्र त्रिपाठी ने बताया कि यहाँ 345 छात्र–छात्राओं में से 342 सम्मिलित रहे, इसी प्रकार सैदपुर में आर एस पी पब्लिक जूनियर हाई स्कुल सैदपुर भीतरी को परीक्षा केंद्र बनाया गया केंद्र व्यवस्थापक जुन । क्लब पी0आर0ओ0 सुर्य रेख मणि ने बताया कि सभी परीक्षा केन्द्रों पर ओजस कोचिंग नवाबगंज के कुशल 110 कक्ष निरीक्षक नियुक्त किये गये जबकि शुचिता एवम पारदर्शिता के लिए क्लब उपाध्यक्ष धीरेन्द्र त्रिपाठी, सत्य प्रकाश तिवारी, अवधेश पांडेय, विनीत सिंह को प्रेक्षक तथा डा0 जितेन्द्र कुमार को मुख्य प्रेक्षक के रूप में नियुक्त किया गया था। जनपद भर में नियुक्त प्रेक्षक हाफते नजर आए। सामान्य ज्ञान, गणित एवं तार्किक शक्ति के अलावा चित्रकला विषय में राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा, खंडहर का दृश्य, इतिहास और विरासत परिक्षार्थियों ने बेहद रंग–बिरंगा बनाया। जबकि निबंध प्रतियोगिता में मेरी माटी मेरा देश, मोबाइल शिक्षा का जीवन पर प्रभाव तथा शिक्षा के क्षेत्र में रोजगार जैसे शक्तिशाली विषयों पर छात्र–छात्राओं ने अपने विचारों को उत्तर पुस्तिका पर लिखा। क्लब परीक्षा प्रभारी ने समस्त प्रतियोगिताओ के परिणाम जनवरी माह के प्रथम सप्ताह तक आने की बात कही। इस अवसर पर परीक्षा को सकुशल संपन्न कराने में डा0 विजय कुमार ओझा, विनय राय, मनोज प्रजापति, ओमकार सिंह यादव, रितेश वर्मा, आकांक्षा अग्रहरी, अनिल कुशवाहा, मुफराज अहमद, अंकिता जायसवाल, अजय यादव, प्रमोद बिन्द, शिवम अग्रवाल, राम कुमार विश्वकर्मा, अजय कुमार यादव, राहुल, सर्वेश राय , हर्ष राय, श्रुति पांडेय, मुवाज अहमद, चंदन , प्रतिभा यादव, नूर अफसा, अरनव शर्मा, शुभम गुप्ता, कासीफा, अंकुर कुमार, यासीर, मनीष तिवारी, आलोक राय, कार्तिक प्रजापति, आशिफ अहमद, अभिषेक गुप्ता, मो राहिल, साधना यादव का विशेष योगदान रहा। क्लब उपाध्यक्ष धीरेंद्र त्रिपाठी ने सभी का आभार व्यक्त किया।

# वाराणसी जोन की 24 वी अंतर्जनपदीय क्रिकेट प्रतियोगिता का एसपी सिटी ने किया उद्घाटन



प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। सोमवार को पुलिस लाइन गाजीपुर में वाराणसी जोन की 24 वी अंतर जनपदीय क्रिकेट प्रतियोगिता 2023 का उद्घाटन अपर पुलिस अधीक्षक नगर ज्ञानेन्द्र प्रसाद द्वारा फीता काटकर किया गया। इससे पूर्व महोदय द्वारा खिलाड़ियों को इस प्रतियोगिता को खेल भावना से खेलने के लिए प्रेरित किया गया तथा उन्हें इसकी शपथ दिलाई गई। इस प्रतियोगिता में कुल 10 टीमों ने भाग लिया जिनका विवरण निम्नवत है

वाराणसी, गाजीपुर, मिर्जापुर, सोनभद्र, मऊ, आजमगढ़, जौनपुर, भदोही, चंदौली व बलिया जनपद की टीमों ने भाग लिया। इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण,प्रतिसार निरीक्षक लाइन, क्षेत्राधिकारी नगर तथा अन्य अधिकारी एवं कर्मचारीगण मौजूद थे।

# बनारस के तेज तर्रार युवा पत्रकार पुरुषोत्तम सिंह का निधन



प्रखर पूर्वान्चल वाराणसी। फ्रंटलाइन जनर्लिस्ट एसोसिएशन के संस्थापक सदस्य एवँ पीटीआई से जुड़े बनारस के युवा पत्रकार पुरुषोत्तम सिंह का इलाज के दौरान निधन हो गया है। बताते चलें कि कुछ दिन पूर्व एक एक्सीडेंट में सर पर अंदुरुनी चोट आ गई थी दिल्ली सहित बनारस के अस्पतालों में इलाज चला लेकिन आखिरकार मौत जीत गई और साथी पत्रकार हार गया।

# मंजुला राठौर की मनी द्वितीय पुण्यतिथि पुष्प अर्पित कर दी गई श्रद्धांजलि

प्रखर मनिहारी (गाजीपुर)। स्थानीय क्षेत्र के सिद्धपीठ औढ़ारी मठ पर सोमवार को समाजसेविका स्व.मंजुला राठौर की दितीय पुण्यतिथि पर महंत जयराम यति इंटर कॉलेज के प्रांगण में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया।और उनकी तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर उन्हें याद किया गया। तथा उनकी याद में पर्यावरण संरक्षण हेतु आम, कटहल, पीपल, बरगद, आंवला,नीम सहित ग्यारह पौधे रोपित किए गए।साथ ही 50 असहाय तथा गरीबों को कंबल वितरित किया। वक्ताओं ने उनके आदर्शों को अपनाने पर जोर दिया। पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती आशा यादव ने कहा कि मंजुला जी अंतिम समय तक महिलाओं के सम्मान व अधिकार दिलाने के लिए संघर्ष करती रही। उनके आदर्शों को अपनाने से ही देश व समाज की तरक्की संभव है। वहीं उन्होंने अपने ज्ञान से शिक्षा को नया मुकाम दिया था।इस अवसर पर पूर्व जिला पंचायत सदस्य जनार्दन राम, श्रीमती रीता यादव, पूर्व जिला पंचायत सदस्य श्रीमती सीमा यादव,सुवाष यादव, मुन्द्रीका सिंह चौहान,रीषीदेव राय,कैलाश राम, त्रिलोकीनाथ गिरी,श्रीमती शीला देवी, श्रीमती प्रियंका यादव, कुमारी आरुषि,संजय यादव, दीपक गिरी आदि उपस्थित रहे श्रंद्धाजलि सभा की अध्यक्षता पूर्व जिला पंचायत सदस्य रमेश यादव एवं संचालन रबिप्रकाश शुक्ला ने किया।

# यातायात नियमों के जागरुकता बढ़ाने हेतु यातायात पुलिस द्वारा सड़क सुरक्षा अभियान मे स्कूली बच्चो को किया गया जागरुक



प्रखर संतकबीरनगर। पुलिस अधीक्षक जनपद संतकबीरनगर सत्यजीत गुप्ता के निर्देशन मे क्षेत्राधिकारी यातायात केशवनाथ द्वारा आमजनमानस में यातायात जागरुकता बढ़ाने हेतु राजकीय बालिका उच्चतर माध्यमिक स्कूल बघौली के अध्यापको की उपस्थिति में यातायात जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उक्त कार्यशाला के माध्यम से सड़क सुरक्षा को अपनाने के लिए छात्र व छात्राओं को जागरूक किया गया। यातायात पुलिस द्वारा सड़क पर हो रही दुर्घटनाओं के रोकथाम करने के क्रम में छात्र व छात्राओं को यातायात के नियमों के बारें में जागरुक करते हुए दो पहिया वाहन चलाते समय तीन सवारी न बैठने, बिना नम्बर प्लेट लगी वाहन न चलाने, नशे की हालत में गाड़ी न चलाने, वाहन को ओवर स्पीड़ से न चलाने के बारे मे बताया गया। साथ ही साथ अपने परिवार वालों एवं रिश्तेदारों तथा आसपास के लोगों को वाहन चलाते समय हेल्मेट व सीट बेल्ट के प्रयोग करने हेतु प्रेरित करने की भी अपील की गयी। इस दौरान यातायात के अधिकरी तथा कर्मचारी एवं शिक्षकगण मौजूद

# अतिक्रमण की जद में सड़क की पटरियां जाम के झाम से जूझते लोग



प्रखर जखनियां गाजीपुर। स्थानीय कस्बे में जाम के झाम से जूझ रहे कस्बा बासियों सहित बाजार आने वाले राहगीरों व दुकानदारों को मुक्ति नहीं मिल रही।सड़क की पटरियों पर किए गए अवैध अतिक्रमण पर प्रशासन पूरी तरह से बेपरवाह हो चुका है। कस्बा स्थित सब्जी मंडी से लगायत चौजा तिराहा, रेलवे चौराहा यूनियन बैंक तक दुकानदारों द्वारा पटरियों पर अतिक्रमण करके सड़क जाम में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई जा रही है। सब्जी मंडी तिराहे के पास ठेले खोमचे वालों द्वारा दुकान लगाए जाने के चलते वाहनों के आते–जाते समय घंटों तक भीषण जाम लगा रहता है। कस्बे में पुलिस की ड्यूटी होने के बाद भी पुलिसकर्मी नदारद रहते हैं। जाम होने पर वाहन चालक आपस में विवाद करते हैं और मारपीट करने पर भी आमादा हो जाते हैं। इस जाम का खामियाजा आम जनता तो भुगतती ही है, सड़क के किनारे के वो दुकानदार भी भुगतते हैं, जिनके अतिक्रमण के चलते जाम की समस्या होती है। इसके बावजूद वो अतिक्रमण करना बंद नहीं करते। यहां तक कि प्रशासन भी इस दिशा में ध्यान देना जरूरी नहीं समझ रहा। इसी जाम में अधिकारियों की गाड़ियां व एंबुलेंस भी आए दिन फंसी रहती है, फिर भी अधिकारी अतिक्रमण हटवाने से मुंह मोड़ चुके हैं। चौजा तिराहे पर खड़ी पुलिस रेलवे क्रॉसिंग के पास गलत दिशा से वाहनों को आता जाता देखकर भी मूकदर्शक बनी रहती है, जिससे जाम की समस्या बन जाती है।

# एसपी के आदेशानुसार धार्मिक स्थलों पर लगे 162 लाउडस्पीकर की आवाज कम करायी गयी तथा 12 लाउडस्पीकर उतरवाये गए



प्रखर संतकबीरनगर। पुलिस अधीक्षक संतकबीरनगर सत्यजीत गुप्ता के निर्देशन में धार्मिक तथा सार्वजनिक स्थलों पर प्रयोग में लाये जा रहे अवैध लाउडस्पीकरों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में थाना कोतवाली खलीलाबाद पुलिस द्वारा 31 लाउडस्पीकरों की आवाज को कम कराया गया तथा अवैध रुप से लगाए गए 05 लाउडस्पीकरों को उतरवाया गया, थाना दुधारा पुलिस द्वारा 31 लाउडस्पीकरों की आवाज को कम कराया गया, थाना धनघटा पुलिस द्वारा 42 लाउडस्पीकरों के आवाज को कम कराया गया तथा अवैध रुप से लगाए गए 02 लाउडस्पीकरों को उतरवाया गया, थाना महुली पुलिस द्वारा 19 लाउडस्पीकरों के आवाज को कम कराया गया, थाना मेंहदावल पुलिस द्वारा 03 लाउडस्पीकरों के आवाज को कम कराया गया तथा अवैध रुप से लगाए गए 04 लाउडस्पीकरों को उतरवाया गया, थाना बखिरा पुलिस द्वारा 16 लाउडस्पीकरों के आवाज को कम कराया गया तथा अवैध रुप से लगाए गए 01 लाउडस्पीकर को उतरवाया गया, थाना बेलहरकला पुलिस द्वारा 05 लाउडस्पीकरों की आवाज को कम कराया गया, थाना धर्मसिहंवा पुलिस द्वारा 12 लाउडस्पीकरों के आवाज को कम कराया गया। जनपद में अभियान के दौरान कुल 162 लाउडस्पीकरों के आवाज को कम कराया गया तथा अवैध रुप से लगाए गए 12 लाउडस्पीकरों को उतरवाया गया। जनपदीय पुलिस द्वारा सम्बन्धित को निर्धारित मानक के अनुसार ही लाउडस्पीकर का प्रयोग करने के साथ साथ किसी भी प्रकार के अफवाह एवं झूठी व भ्रामक खबरों को प्रचारित तथा प्रसारित नहीं करने तथा किसी भी प्रकार की घटना के सम्बन्ध में तत्काल स्थानीय पुलिस को सूचित कराने हेतु अवगत गया।

# 2 घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद रेस्क्यू कर कुएं से निकली गई गाय



प्रखर मिर्जापुर। नारायणपुर पुलिस चौकी अंतर्गत टीचर कॉलोनी के पास कौशल मौर्य के कुएं में बहेतु गाय बीती रात में ही गिर गई थी। सुबह जब कौशल्या देवी ने गाय को कुएं में देखा तो पास ही के विश्व हिंदू महासंघ के जिला मंत्री डॉ विनोद कुमार सिंह के माध्यम से प्रशासन को सूचना दिलवाई। मौके पर चौकी प्रभारी जयदीप सिंह , सिपाही प्रदीप राय, नीरज शर्मा, कन्हैया यादव व विश्व हिंदू महासंघ के जिला प्रभारी प्रमोद गोस्वामी ,जिला महामंत्री दीपक त्रिपाठी, मिडिया प्रभारी संसार पाठक , सह मीडिया प्रभारी विजय कुमार एवं राजकुमर सिंह घटनास्थल पर पहुंचे। राष्ट्रीय स्वयंसेवक के अजीत कश्यप, अनिल सिंह द्वारा मोटा रास्सा का सहारा लेकर कड़ी मशक्कत के साथ रामनरेश पटेल उर्फ पतलू और उनके सहयोगी ओमप्रकाश ने लगभग 40 फीट गहरे कुएं में गिरी पानी में से गाय को बाहर निकलने का कार्य किया। उक्त अवसर पर धर्मेंद्र सिंह ,शीतल प्रसाद, राधेश्याम ,विजय कुमार, संजय यादव, अनमोल पटेल, हवलदार सहित तमाम लोग उपस्थित होकर सहयोग किये।

# नवल स्मृति समारोह की सफलता को लेकर सौंपी गई जिम्मेदारी



**स्वर्गीय नवल किशोर सिंह की 32 वीं पुण्यतिथि 17 दिसंबर को**

प्रखर कसया, कुशीनगर। तहसील क्षेत्र के सखोपार में 17 दिसम्बर दिन रविवार को आयोजित समाजसेवी, कवि एवं लेखक रहे स्वर्गीय नवल किशोर सिंह की 32 वीं पुण्यतिथि कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर हुई बैठक में जिम्मेदारी सौंपी गई। सोमवार को नवल किशोर सिंह सेवा संस्थान के अध्यक्ष एवं स्वर्गीय श्री सिंह के सुपुत्र अजय प्रताप नारायण सिंह की अध्यक्षता में हुई बैठक में कार्यक्रम की रूपरेखा तय की गई। स्व0 सिंह की पुण्यतिथि पर होने वाले समारोह में श्री रामचरित मानस पाठ, काव्य गोष्ठी, सांस्कृतिक कार्यक्रम में गीत संगीत, श्रद्धांजलि सभा, सहभोज, सम्मान समारोह, निःशुल्क चिकित्सा शिविर और राष्ट्रीय एकता विराट कुश्ती दंगल का कार्यक्रम किया जायेगा। श्री सिंह ने कहा कि स्वर्गीय पिता जी एक अच्छे समाजसेवी, लेखक एवं कवि थे वे पड़ारकर जी के सानिध्य में कुछ दिनों तक पत्रकारिता भी किए। उनकी पुण्यतिथि पर उनसे जुड़े कार्यों को याद करते हुए हर वर्ष भव्य आयोजन किया जाता है। बैठक में कार्यक्रम स्थल की साफ सफाई, समाधि स्थल का सुंदरीकरण, मंच, अतिथियों का स्वागत, टेंट सज्जा, साधु – संतों के आतिथ्य आदि पर चर्चा की गई। इस अवसर पर स्वर्गीय श्री सिंह के पौत्र (स्वर्गीय विजय प्रताप नारायण सिंह के सुपुत्र) एवं अध्यक्ष श्रम पंजीयन अंशदान एवम नवीनीकरण समिति व बीओसीडबल्यू बोर्ड के सदस्य अभय प्रताप नारायण सिंह के नेतृत्व में पुण्यतिथि कार्यक्रम को भव्य बनाने की तैयारी को मूर्त रूप दिया जा रहा है। इस अवसर पर पियूष प्रताप नारायण सिंह, ग्राम प्रधान शैलेश प्रताप नारायण सिंह, एडवोकेट कुशल प्रताप सिंह, त्रिपुरेश प्रताप, शशांक प्रताप, सत्यम प्रताप, शिवम सिंह, सुंदरम सिंह, भुवनेश, सुरजदेव, हृदया नन्द शर्मा, अवनींद्र सिंह उर्फ बम भोले सिंह, पूर्व प्रधान जयराम प्रसाद, दुर्गा वर्मा, मोती प्रसाद सहित सभी परिजन और भारी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

# अपहरण का अपराध कारित करने के आरोप में 01 नफर अभियुक्त गिरफ्तार



प्रखर सहजनवां,गोरखपुर। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद गोरखपुर द्वारा महिला संबंधी अपराधों पर अंकुश लगाने एवं अपराधियों की गिरफ्तारी के संबंध में चलाये जा रहे अभियान के क्रम में, पुलिस अधीक्षक उत्तरी के मार्गदर्शन में, क्षेत्राधिकारी कैम्पियरगंज के पर्यवेक्षण में व थानाध्यक्ष सहजनवां के नेतृत्व में उ0नि0 चंदन नारायण मय पुलिस टीम द्वारा थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0 453/2023 धारा 366,120 बी भादवि से सम्बन्धित अभियुक्त बलिराम पुत्र मिठाई लाल निवासी औरा डाड़ थाना धनघटा जनपद संतकबीरनगर को गिरफ्तार किया गया। अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

# मदरसा दारूल इरफान में 05 वर्ष तक के बच्चो को पोलियो ड्राप पिलायी गई



प्रखर जौनपुर। जनपद में 10 से 18 दिसम्बर 2023 तक भारत सरकार एवं प्रदेश सरकार द्वारा जारी सघन पल्स पोलियो प्रतिरक्षण अभियान में मदरसा दारूल इरफान , बोदकरपुर, जौनपुर में डाक्टरो की मोबाइल टीम द्वारा पोलियो वैक्सीन पिलाई गई। जिसमे डा0 नरेंद्र सिंह, डा0 आदित्य नाथ, डा0 अभिजीत जोशी, गुरदीप कौर, प्रवीण पाठक, आलोक कुमार यादव व शीला आदि उपस्थित होकर पोलियो अभियान को सफल बनाते हुए। बच्चो को पोलियो वैक्सीन की खुराक पिलाई गई। इस अवसर पर भारत सरकार व उत्तर प्रदेश सरकार के पल्स पोलियो अभियान का मदरसा दारूल इरफान के प्रिंसिपल मुर्तजा हसन मदनी, मास्टर समीउल्लाह, सिबगतुल्लाह अंसारी, अब्दुल्लाह, परवेज अहमद, जकाउल्लाह, सरफराज, शाहीन आरा, परवीन अंसारी, शमशाद, अल्ताफुर्रहमान सलफी व अब्दुर्रहमान आदि द्वारा स्वागत करते हुए प्रसंशा की गई।

# गंगा नदी में युवती को एनडीआरएफ ने बचाया




प्रखर पूर्वान्चल वाराणसी। राजघाट वाराणसी में एनडीआरएफ टीम ने त्वरित बचाव अभियान द्वारा एक बहुमूल्य जीवन को बचाया एक युवती ने दोपहर में मालवीय पुल, राजघाट से गंगा नदी में छलांग लगा दी थी तथा गंगा नदी में एक नाव की चपेट में आने से वह गंभीर रुप से घायल हो गयी और चिल्लाने लगी द्य राजघाट के पास वाटर एम्बुलेंस टीम के साथ तैनात एनडीआरएफ के बचाव कर्मियों को घटना की जानकारी मिली और वे तुरंत मौके पर पहुंचे द्य वाटर एम्बुलेंस टीम में उपलब्ध एनडीआरएफ नर्सिंग सहायक द्वारा अस्पताल पूर्व उपचार प्रदान किया गया तथा राहत के लिए आवश्यक इंजेक्शन दिया गया और जब पीड़िता की हालत स्थिर हो गई तो उसे स्थानीय पुलिस के माध्यम से अग्रिम उपचार के लिए नजदीकी अस्पताल भिजवाया गया। युवती का नाम पूजा गुप्ता, पुत्री स्वर्गीय राजू प्रसाद गुप्ता,उम्र 24 वर्ष, निवासी दुर्गाकुंड वाराणसी की रहने वाली हैं द्य एनडीआरएफ की त्वरित कार्यवाही से युवती की जान बचाने के लिए घटना स्थल पर मौजूद लोगों ने सराहना की व धन्यवाद प्रकट किया। विदित है कि मनोज कुमार शर्मा, उप महानिरीक्षक के निर्देशन में एनडीआरएफ की टीमें गंगा घाटों पर मोटर बोट की सहायता से पेट्रोलिंग करती रहती हैं जिससे किसी भी अप्रिय घटना के समय बहुमूल्य मानव जीवन को बचाया जा सके जिसमें वाटर एंबुलेंस टीम अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है।

# काशी द्वार के लिए नोटिफिकेशन के बाद मुखर होने लगे ग्रामीण




प्रखर पिंडरा वाराणसी। आवास विकास परिषद द्वारा अवासीय योजना के तहत काशी द्वार के लिए जमीन अधिग्रहण के लिए आराजी नम्बरों के प्रकाशन के बाद एक बार फिर किसानों के अंदर आक्रोश फैलने लगा है। सोमवार को पिंडरा रमईपुर स्थित सब्जी मंडी में अपराह्न में संयुक्त किसान मजदूर मोर्चा के बैनर बैठक हुई और किसानों ने अखबार में प्रकाशित नोटिफिकेशन पर चर्चा की और कहाकि जिला प्रशासन द्वारा हम किसानों को अंधेरे में रखा। किसानों ने इस बाबत आगे के रणनीति पर चर्चा की। इस दौरान मोर्चा के अध्यक्ष फतेह नारायण सिंह पटेल, अजित पटेल , सन्तोष पटेल, महेंद्र पटेल, सुरेंद्र कुमार, शत्रुघ्न पटेल, प्रेम नट, सुनील वर्मा, धीरज कुमार,सुधीर, राजेन्द्र, रामाश्रय समेत अनेक किसान रहे।

# काशी विश्वनाथ धाम लोकार्पण के वर्षगांठ पर शिव बारात समिति द्वारा 13 दिसम्बर को निकाली जाएगी भव्य शोभायात्रा

प्रखर पूर्वान्चल वाराणसी। लक्सा स्थित मारवाड़ी युवक संघ में काशी विश्वनाथ धाम लोकार्पण के वर्षगाठ पर शिव बारात समिति द्वारा 11 दिसम्बर सोमवार कों पत्रकार वार्ता का आयोजन। पत्रकार वार्ता के दौरान बताया गया की शव और शिव के बीच की कड़ी ही काशी या बनारस है यूँ तो भाषा अभिव्यक्ति का माध्यम है लेकिन एक बनारस ही है जहाँ भाषा अपने मूल अर्थ खोकर शिवत्व को प्राप्त हो जाती है। यहाँ का व्याकरण किसी शास्त्र का आधीन नहीं है अपितु यह शिव के गणो द्वारा नित नये –नये रूप लेकर सृजित होता रहता है। संतुष्टि का जो भाव बनारस में है वह संसार में कहीं नहीं मिलता एक बनारसी, गरीब हो या अमीर तब तक जांगर नही डोलाता जब तक नितान्त आवश्यक या अभाव न हो बाहर से यह आलस्य प्रतीत होता है लेकिन गूढ़तः यह परमपद, कैवल्य, निर्वाण अथवा मोक्ष की ही अवस्था है जहाँ समस्त संसार प्रवृति या निवृति में जीता है वहीं काशीवासी इन दोनों के बीच द्वन्द–रहित स्थिर जीता है । मेरी अपनी दृष्टि काशी बनारस को समझने के बजाए महसूस किया जा सकता है क्योंकि इसे व्यक्त करना ठीक वैसे ही है जैसे भाषा से अनजान व्यक्ति से व्याकरण पर शास्त्रार्थ करना। नित नया परस्पर विरोधी, विचित्र, अद्भुत और सर्व समावेशी ही काशी – बनारस है काशी को एक और नाम आनन्द–वन से भी जाना जाता है जहाँ वन जटिल, दुरुह और कठीन की प्रतीत होता है वही आनन्द–वन, काशी बनारस सरलता से ओतप्रोत होते हुए भी गूढ़ और अप्रत्याशित है। ज्ञान की पराकाष्ठा पर उत्पन्न वितराग ,वैराग जिस स्थान पर आनन्दित हो अनुराग में परिणित हो वही काशी है। काशी के किसी क्षेत्र में जाईये ष्ज्ञानष, वैराग्य और आनन्दष्का एक मिश्रित रस ही मिलेगा जो बनारस है।

# गोरखपुर मे बेजुबानों की जान बनकर उभर रही टीम नयी रोशनी



प्रखर पूर्वांचल गोरखपुर। बीते 6 दिसंबर को गोरखपुर राजकीय पॉलीटेक्निक के एक छात्र द्वारा टीम नयी रोशनी को बताया जाता है कि गोरखपुर रामजानकी के पास एक गाय घायल अवस्था मे कुछ दिनों से पड़ी हुई है । टीम द्वारा तत्काल रामजानकी नगर कॉलोनी में जाकर घायल पड़ी गाय को नगर निगम के एक व्यक्ति के सहयोग से गाय को बचाया गया । टीम नयी रोशनी वेलफेयर फाउंडेशन की तरफ से गाय को तत्काल पशु चिकित्सालय में दिखाया गया और उसका यथासंभव इलाज कराया गया । टीम नयी रोशनी लगातार समय समय पर जानवरो और लोगो की मदद कर रहीं है । टीम नयी रोशनी का लक्ष्य है कि गोरखपुर में ज्यादा से ज्यादा लोगो की मदद की जाए और बेजुबान जानवरो को बचाया जाए । टीम नयी रोशनी के द्वारा विद्यालयों में जाकर बच्चो को बताया जा रहा है कि बेजुबान जानवरो की मदद की जाए और टीम नयी रोशनी का लक्ष्य है कि जानवरो की जान बचाने के लिए बच्चो को अग्रसर किया जाए और ज्यादा से ज्यादा लोगो की मदद की जाए ।

# पढ़ाई से दूर भागते बच्चों के लिए आईआईटी रुडकी एलुमनाई ने देश के जाने माने मनोवैज्ञानिकों के साथ मिलकर कर दी बडी रिसर्च

प्रखर नई दिल्ली। देश की राजधानी दिल्ली में संसद भवन के पास कांस्टीट्यूशन क्लब ऑफ इण्डिया में अति महत्वपूर्ण सम्मेलन हुआ जिसमें व्यक्ति के मन को एकाग्र कर उसकी बुद्धि–लब्धि को बढ़ाने की कला के विषय में जानकारी दी गई। आज के युग में भाग–दौड़ भरी जिंदगी में व्यक्ति बेहद तनाव में जी रहा है। जिस कारण उसके शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य पर बुरा प्रभाव पड़ रहा है। लोगों के अंदर मानसिक तनाव इस स्तर का पनप रहा है कि लोग आत्महत्या कर रहे हैं। एक आंकड़े के अनुसार इतने लोग किसी युद्ध अथवा महामारी से नहीं मारे जा रहे हैं जितने आत्महत्या के कारण मारे जा रहे हैं। इस वैश्विक गंभीर समस्या को लेकर कई विश्व स्तरीय मनोवैज्ञानिकों व आई आई टी एलुमनाई ने ब्रेन रिकोडिंग कंपनी बनाकर लोगों के मन को एकाग्र कर उनके मानसिक स्वास्थ्य में उन्नति कर उनके आईक्यू लेवल को बढ़ाकर उनके कार्य दक्षता एवं जीवन को कुशल बनाने का कार्य किया जा रहा है। इस सब प्राचीन भारतीय गुरुकुल पद्धति को नए वैज्ञानिक विधि द्वारा बच्चों व बड़ों को इसके ज्ञान से अवगत कराने हेतु इस सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस सम्मेलन में प्रेस कॉन्फ्रेंस भी आयोजित की गई जिसमें देश भर के सभी छोटे बडे न्यूज चौनल व प्रिंट मीडिया के पत्रकार बंधु उपस्थित रहे । इस मौके पर प्रसिद्ध वैदिक गणितज्ञ मनु त्रिपाठी ने स्मरण शक्ति के विकास की बात बताई, गजेंद्र सिंह आईआईटी एलुमनाई ने बच्चों को तेज गति से सीखने की कला के विषय में बताया, अध्यात्मिक प्रेरक रवि चौधरी ने बच्चों व बडों को अध्यात्मिक ध्यान द्वारा मानसिक सबल बनाने व मानव निर्माण के विषय में जानकारी दी ।

# आईजीएल कम्पनी में मॉक ड्रिल का हुआ आयोजन




प्रखर पूर्वांचल गोरखपुर। इंडिया ग्लाईकॉल्स लिमिटेड के बिजनेस हेड एस के शुक्ल के मार्गदर्शन में आज कंपनी परिसर में सुबह ११ बजे मॉक ड्रिल का आयोजन हुआ और यह आयोजन प्लांट हेड शैलेन्द्र पांडेय के उपस्थिति में संपन्न हुआ। मॉक ड्रिल की अध्यक्षता वरिष्ठ प्रबंधक प्रशासन एवं जनसम्पर्क डॉ सुनील कुमार मिश्रा ने किया। आईजीएल कंपनी में आनसाइट इमरजेंसी प्लान के तहत मॉक ड्रिल किया गया। मॉक ड्रिल में आपात स्थिति में बचाव के उपायों को परखा गया। मॉक ड्रिल में एथेनॉल टैंक में आग की घटना एवं गैस रिसाव तथा फायर नियंत्रण के तरीकों को परखा गया। सुबह 11.00 बजे मॉक ड्रिल आयोजित की गई। मॉक ड्रिल में कंपनी के कर्मचारियों एवं अधिकारियो को संभावित जानमाल की हानि रोकने के तरीके को उत्तर प्रदेश फायर सर्विसेस गीडा के प्रभारी लाल साहब यादव द्वारा बताया गया । साथ ही आपात स्थिति में इन स्थिति से कैसे निपटा जाएं इस विषय में विस्तार से जानकारी दी गई। इस दौरान मॉक ड्रिल में कंपनी के वरिष्ठ प्रबंधकगण,कर्मचारी व अग्निशमन अधिकारी, अन्य प्रतिस्थित कंपनियों के सुरक्षा अधिकारी मौजूद रहे।

# डाकघर से 18 लाख की लुट का मास्टर माइंड निकला पोस्टमास्टर



प्रखर पूर्वांचल महराजगंज। जनपद महराजगंज के नगर पंचायत नौतनवा कस्बे के पोस्ट आफिस में बीते शनिवार की रात दरवाजे का ताला तोड़कर अलमारी में रखों लगभग 18 लाख रुपए चोरी की घटना की रिपोर्ट पोस्टमास्टर द्वारा स्थानीय पुलिस को सूचना देते हुए अज्ञात के विरुद्ध चोरी की घटना दर्ज कराई ।इस घटना से स्थानीय क्षेत्र के लोगों मे हडकंप मच गया ।पुलिस ने चोरी का मुकदमा दर्ज जांच में लग गई ।जब यह मामला आला अधिकारियों तक पहुंचा तो प्रशासन ने एस ओ जी टीम को घटना का पता लगाने के लिए भेजा ।पुलिस ने सबसे पहले पोस्ट आफिस का निरिक्षण किया जहां आलमारी का ताला टुटा हुआ गिरा मिला तथा लाकर से 30 हजार रुपये का बरामद होना पुलिस को संदेहास्पद लगा कि 18 लाख रुपये लुटने वाले 30 हजार रुपये क्यों छोड़ कर गए ।पुलिस को डाक विभाग के किसी कर्मचारी द्वारा पैसा गायब किये जाने का संदेह था। इस मामले में सीओ आभा सिंह ने बताया कि पुलिस हर स्तर पर जांच कर रही है सीसीटीवी फुटेज खंगाला जा रहा है जल्द ही आरोपी पुलिस की गिरफ्त में होगा ।इसके बाद डाक कर्मियों को हिरासत में लेकर गहनता से पूछताछ करना शुरू की तो मुख्य पोस्टमास्टर ने पुलिस के सामने अपना जुर्म कबूल कर लिया ।इस मामले में पुलिस अधीक्षक आतिश कुमार सिंह ने बताया कि पोस्ट आफिस के अंदर से 18 लाख रुपए चोरी की घटना में पोस्टमास्टर लोकनाथ कुलदीप की संलिप्तता मिली ।पूछताछ में पोस्टमास्टर ने बताया कि उसने खातेधारको के खाते से काफी रकम पूर्व में खर्च कर दिए थे। पूरे प्रकरण की गहराई से छानबीन की जा रही है इसकी सारी रिपोर्ट डाक विभाग को सौंपी जाएगी हालांकि कितने रकम की हेरा फेरी की गई है अभी स्पष्ट नहीं है।

# शाह फैज में भारत दर्शन प्रदर्शनी एवं मेले का हुआ आयोजन, डीआईओएस ने किया उद्घाटन




प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। रविवार को शाह फैज विद्यालय के प्रांगण में श्भारत दर्शन प्रदर्शनी एवं मेलेश का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला विद्यालय निरीक्षक कौस्तुभ कुमार सिंह थे। सर्वप्रथम उनके आगमन पर विद्यालय के निदेशक डॉ नदीम अधमी ने बुके देकर उनका स्वागत किया तत्पश्चात छात्र छात्राओं द्वारा स्वागत गीत गाकर उनका स्वागत किया गया। विद्यालय के ही छोटे बच्चों द्वारा स्वागत नृत्म एवं अन्स गानों पर नृत्य प्रस्तुत किया जिसका सञ्चालन विद्यालय की संगीत की अध्यापिका दीपिका वर्मा ने किया। सांस्कृतिक कार्यक्रम देखने के बाद मुख्य अतिथि ने रिबन काट कर प्रदर्शनी एवं मेले की शुरुआत की। इस प्रदर्शनी में भारत के सभी 28 राज्यों व 8 केंद्र शासित प्रदेशों की मनोरम झांकी प्रस्तुत की गयी थी। इस प्रदर्शनी का आकर्षण विद्यालय की कला अध्यापिका आमना उबैद एवम उमेश द्वारा बनाया गया राष्ट्रीय चिन्ह था।

मेले में कई तरह के खाने व खेल के स्टाल लगाए गए थे जिसका अभिभावकों ने जम कर लुत्फ उठाया। इस मेले में श्लाइव म्यूजिक कॉन्सर्टश श्याम कुमार शर्मा एवं गिरधर शर्मा के मार्गदर्शन में हुआ जो इसी विद्यालय में संगीत के अध्यपाक हैं। विद्यालय के छात्रों पुष्कर जी उपाध्याय, खुशी गुप्ता, शुभ्रा पांडेय, शान कुशवाहा, शगुन कुशवाहा, हितार्थ, चित्रार्थ एवं आरव ने बहुत ही कर्ण प्रिय संगीत की प्रस्तुति की। मुख्य अतिथि ने सभी कार्यक्रमों की बहुत प्रशंसा की व सभी अभिभावकों, अध्यापकों एवं छात्र छात्राओं को बधाई एवं शुभकामनायें दीं। प्रदर्शनी एवं मेले की समाप्ति पर विद्यालय के निदेशक ने सभी अध्यापकों एवं जिले के पुलिस प्रशासन का धन्यवाद किया। इस कार्यक्रम में मदर मरियम ग्लोबल स्कूल, महाराज गंज की डायरेक्टर डॉ मीना अधमी व मैनेजर समीर अधमी भी उपस्थित थे जिन्होंने इस कार्यक्रम की मुक्त कंठ से सराहना की। मीना अधमी जी ने विद्यालय को 10000 राशि का इनाम भी दिया। विद्यालय की मैनेजर अतिया अधमी ने सभी को इस प्रदर्शनी एवं मेले के सफल आयोजन के लिए बधाई दी। इस कार्यक्रम में विद्यालय के प्रधानाध्यापक इकरामुल हक, उप प्रधानाचार्य डॉ प्रीती उपाध्याय, को ऑर्डिनेटर नेहा कुरैशी एवं समस्म् शैक्षणिक एवं गैर शैक्षणिक कर्मचारी उपस्थित थे।

# सनबीम सनसिटी स्कूल और हॉस्टल से 2107 किमी लंबी यात्रा मेगा साइक्लेथॉन को दिखाई गई हरी झण्डी




प्रखर पूर्वान्चल वाराणसी। विशेषज्ञता और वीरता के साथ समुद्र की कमान संभालते हुए, आज नौसेना यूनीट 7 यू.पी. नौसेना यूनीट के कमांडिंग ऑफिसर लेफ्टिनेंट कमांडर राहुल मिश्रा ने सनबीम सनसिटी स्कूल और हॉस्टल से 2107 किमी लंबी यात्रा मेगा साइक्लेथॉन को हरी झंडी दिखाई। स्वागत की शुरुआत एनसीसी गीत के साथ हुई जिसके बाद कमांडिंग ऑफिसर का अभिनंदन किया गया द्य सनबीम सनसिटी को मेगा साइक्लोथॉन में भाग लेने वाली 14 युवा महिला कैडेटों का स्वागत करने का भी सौभाग्य मिला है। 14 कैडेटों के समूह ने देश के युवा मन को प्रेरित करने वाला एक अद्भुत नुक्कड़ नाटक भी प्रस्तुत किया सनबीम सनसिटी उन्हें सफलता के लिए शुभकामनाएं और आशीर्वाद देता है। इस मौके पर सनबीम ग्रुप के मुख्य परिचालन अधिकारी आशीष राय एवं विद्यालय की प्रधानाचार्य अर्चना सिंह ने समस्त कैडेटों के समूह को बधाई दी ।

# अब नौसड़ चौराहे पर नहीं लगेगा जाम



प्रखर पूर्वांचल गोरखपुर। जाम के झाम से निजात दिलाने के लिए एडीजी जोन कमिश्नर डीएम एसएसपी नगर आयुक्त एसपी सिटी एडीएम सिटी सिटी मजिस्ट्रेट नौसड चौराहे पर लगने वाले जाम से निजात कैसे आम जनमानस को मिले जिससे सुचारू रूप से आवागमन चलाता रहे संबंधित अधिकारियों को दिशा निर्देश दिए। एडीजी जोन ने सभी अधिकारियों से वार्ताकार कहा आम जनमानस की सुविधा को ध्यान में रखते हुए चौराहे के अगल–बगल की दुकान को व्यवस्थित किया जाए जिससे चौराहे पर लगने वाले जाम से निजात मिल सके। पीडब्ल्यूडी के अधिकारियों को के निर्देशित किया गया कि चौराहे पर किए जा रहे सुंदरीकरण कार्यों को और पीछे बंधे से सटा कर किया जाए जिससे आवागमन प्रभावित ना होने पाए इस दौरान एडीजी जोन अखिल कुमार मंडलायुक्त अनिल ढींगरा जिलाधिकारी कृष्ण करुणेश वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉक्टर गौरव ग्रोवर नगर आयुक्त गौरव सिंह सोगरवाल एडीएम सिटी अंजनी कुमार सिंह सिटी मजिस्ट्रेट मंगलेश दुबे पुलिस अधीक्षक नगर कृष्ण बिश्नोई थाना अध्यक्ष गीड़ा राजेंद्र सिंह सहित संबंधित अधिकारी गण मौजूद हैं।

# अपनी मांगो को लेकर अडिंग भाकियू धरने पर डटा

प्रखर अहरौरा मिर्जापुर। भारतीय किसान यूनियन के द्वारा वनस्थली महाविद्यालय के पास वाराणसी शक्ति नगर मार्ग ॅ5। पर लगे अस्थाई अवैध टोल प्लाजा को हटाने व अन्य मांगो को लेकर किसानों द्वारा दिन रात धरना शांति पूर्वक चल रहा है। बांधों से नल जल योजना के वास्ते लिए गए पानी को सिंचाई के लिए अन्य स्रोतों से बांधों को भरने समेत अन्य मांगों को लेकर किसान धरना पर बैठे हुए है, आज दिनांक 11ध्12ध्2023 को धरना के 27वे दिन नन्द लाल भारती की अध्यक्षता में चल रहा हैं, धरना स्थल पर ही आज मासिक पंचायत हुई जिसमें तय हुआ कि कल दिनांक 12ध् 12ध् 2023 को एसीपी की बैठक जनपद मिर्जापुर में होना सुनिश्चित हुआ है जिसमें भारतीय किसान यूनियन का प्रतिनिधिमंडल कृषि उत्पादन आयुक्त से मिलकर उपरोक्त समस्याओ को रखेगा , धरने पर निम्न लोग उपस्थित रहे , प्रहलाद सिंह किसान प्रदेश महासचिव , सिद्धनाथ सिंह प्रदेश उपाध्यक्ष ,अनिल सिंह मंडल अध्यक्ष, जिला अध्यक्ष कंचन सिंह फौजी, सियाराम सिंह पूर्व प्रधान मंडल उपाध्यक्ष, जिला महासचिव वीरेंद्र सिंह ,जिला कोषाध्यक्ष स्वामी दयाल सिंह, परशुराम मौर्य, पंचम सिंह,रामचंद्र यादव, जिला संगठन मंत्री,अमरनाथ पूर्व प्रधान, गायक जगत,अमरनाथ, रामराज, गौतम सिंह यादव ,दीप नारायण , संतोष कुमार सिंह रामचरण सिंह चौहान प्रांजल गुप्ता दीपक नंदलाल भारती व अन्य लोग उपस्थित रहे।

प्रखर पूर्वांचल

RNIUPHIN/2016/68754

मुद्रक प्रकाशक 'पंकज सिंह' के लिए सम्पादक 'अरूण सिंह' द्वारा 'गायत्री प्रिंटिंग प्रेस' सकलेनाबाद नियर दुर्गा चौक, गाजीपुर पिन कोडः 233001 से छपवाकर कनेरी गाजीपुर से प्रकाशित

सम्पादकीय कार्यालयः 9/10, टैगोर मार्केट, कचहरी, गाजीपुर पिन कोडः 233001

सम्पर्क सूत्रः 0548-2223833, +91-8858563779 +91-9450208067, +91-9452844802

सभी विवाद गाजीपुर न्यायालय के अधीन होगें।

ताजा खबर पढ़ने के लिए लॉगइन करें हमारी वेबसाइट
https://prakharpurvanchal.com
Email ID: prakharpurvanchal@gmail.com

सांध्य दैनिक प्रखर पूर्वांचल अखबार के सभी पद अवैतनिक हैं